संख्या:142/2015/5158/26-3-2015

प्रेषक,

सुनील कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश

2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 01 दिसंबर, 2015

विषय: दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के क्रियान्वयन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक समाज कल्याण अनुभाग-3 के पत्र संख्या-127/2015/4023/26-3-2015, दिनांक 03 नवंबर, 2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें नवीनीकरण श्रेणी के सभी *"मिसिंग छात्रों"* के आवेदन-पत्र को अग्रसारित न करने अथवा आवेदन-पत्र प्राप्त न होने के कारण को सभी शिक्षण संस्था के नोडल अधिकारी द्वारा स्कॉलरशिप पोर्टल पर विलंबतम दिनांक 30 नवंबर, 2015 तक ऑनलाईन इंगित करने के निर्देश दिये गये थे। यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि शिक्षण संस्था द्वारा यह कार्य निर्धारित तिथि तक पूर्ण नहीं किया जाता है, तो उन शिक्षण संस्थाओं के छात्रों का वर्ष 2015-16 में छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान बाधित हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित शैक्षिक संस्था की होगी।

2- अद्यतन सूचना के अनुसार दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति के नवीनीकरण श्रेणी के 18,87,666 मिसिंग छात्रों के सापेक्ष दिनांक 30 नवंबर, 2015 तक केवल 3,99,810 छात्रों के आवेदन-पत्र को अग्रसारित न करने अथवा प्राप्त न होने के कारण को शिक्षण संस्थाओं के नोडल अधिकारी द्वारा स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाईन इंगित किया गया है, जो कुल छात्रों का **मात्र 21.18 प्रतिशत** है।

3- शिक्षण संस्थाओं द्वारा उपरोक्त कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में उन शिक्षण संस्थाओं के छात्रों का वर्ष 2015-16 में छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान बाधित हो सकता है। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए शिक्षण संस्थाओं को नवीनीकरण श्रेणी के सभी *"मिसिंग छात्रों"* के आवेदन-पत्र को अग्रसारित न करने अथवा प्राप्त न होने के कारण को स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाईन इंगित करने का **अंतिम अवसर** देते हुए अंतिम तिथि बढ़ाकर दिनांक **10 दिसंबर, 2015** की जाती है।

4- उक्त तिथि के उपरांत इस प्रयोजनार्थ समय-सीमा में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा तथा जिन शिक्षण संस्थाओं द्वारा उपरोक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, उनके छात्रों को वर्ष 2015-16 में छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान नहीं किया जायेगा। इस संबंध में सभी संबंधित को अपने स्तर से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

5- इसी प्रकार सभी विश्वविद्यालयों-केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय तथा डीम्ड यूनिवर्सिटी के द्वारा इस वर्ष घोषित परीक्षा-फल को स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश पूर्व में दिये गये थे। अद्यतन स्थिति के अनुसार केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में *अलीगढ़ विश्वविद्यालय तथा बनारस हिन्दू*

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

विश्वविद्यालय (बी0एच0यू0) के द्वारा कोई परीक्षा-फल स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। इसी प्रकार निजी विश्वविद्यालयों तथा डीम्ड यूनिवर्सिटी के द्वारा अपलोड किये गये परीक्षा-फल का विवरण संलग्न है, जिससे स्पष्ट है कि अधिकांश निजी विश्वविद्यालयों द्वारा परीक्षा-फल अपलोड नहीं किया गया है। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए इन सभी विश्वविद्यालयों को विलंबतम दिनांक 10 दिसंबर, 2015 तक उनके द्वारा घोषित परीक्षा-फल को स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपलोड करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।

6- यह स्पष्ट किया जाता है कि जिन विश्वविद्यालयों के द्वारा इस वर्ष घोषित परीक्षा-फल स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाते हैं तो उनके नवीनीकरण श्रेणी के छात्रों का वर्ष 2015-16 में छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान बाधित हो जायेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विश्वविद्यालय/डीम्ड विश्वविद्यालय की होगी।

कृपया उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि

भवदीय,

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव

संख्या-142/2015/5158/(1)/26-3-2015 व तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उ0प्र0 शासन
2. सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 शासन
3. निदेशक, समाज कल्याण/पिछड़ा वर्ग कल्याण/अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0
4. समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी/पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश
5. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र, उ0प्र0, लखनऊ
6. गार्ड फाईल/इन्टरनेट प्रति

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

University Uploaded Data

Central State Private/Deemed

	Univesity Name	Uploaded Data By Univ.	Affiliated Institutes In Univ.	Filled Institutes Code by Univ.	Affiliated Courses In Univ.	Filled Courses Code by Univ.
	AMITY UNIVERSITY	233	1	1	57	57
	BABU BANARSI DAS UNIVERSITY FAIZABAD ROAD LKO	6404	0	0	33	33
	BHATKHANDE MUSIC INSTITUTE UNIVERSITY KAISERBAGH	0	0	0	0	0
	DEEMED UNIVERSITY, DAYALBAGH	2298	1	1	25	25
4	G.L.A. UNIVERSITY MATHURA	0	0	0	0	0
5	GALGOTIAS UNIVERSITY, GREATER NIODA, GB NAGAR	0	1	1	60	60
7	GLOCAL UNIVERSITY SAHARANPUR	0	0	0	0	0
8	I.F.T.M UNIVERSITY. LODHIPUR RAJPOOT	22655	0	0	74	74
9	INTEGRAL UNIVERSITY	8609	1	1	25	25
10	INVERTIES UNIVERSITY BAREILLY	0	1	1	28	28
11	J.S.University Sikohabad,Firozabad	0	5	5	0	0
12	MAHARISHI UNIVERSITY OF INFORMATION TECHNOLOGY LUCKNOW	220	1	1	72	72
13	MANGALAYATAN UNIVERSITY.BESWAN.ALIGRAH	0	0	0	0	0
14	MOHAMMAD ALI JAUHAR UNIVERSITY RAMPUR	0	1	1	1	1
15	MONAD UNIVERSITY HAPUR	0	0	0	0	0
16	NEHRU GRAM BHARTI VISHWAVIDYALAY JAMUNIPUR KOTWA	0	0	0	0	0
17	NOIDA INTERNATIONAL UNIVERSITY, PLOT NO-1, SEC-17 A YAMUNA EXPRESS WAY	0	1	1	73	73
18	RAMA UNIVERSITY UTTAR PRADESH KANPUR	0	0	0	61	61
19	SAIM HIGGNIBATOM INSTITUTE OF AGRICULTURE, TECHNOLOGY & SCIENCES DEEMED UNIVERSITY	1454	0	0	73	73
20	SHARDA UNIVERSITY OF	0	0	0	0	0

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

	MEDICAL SCIENCES KNOWELEDGE PARK 3 GR NOIDA					
21	SHARDA UNIVERSITY, SCHOOL OF ALLIED HEALTH SCIENCES (SAHS) GR. NOIDA	0	0	0	0	0
22	SHARDA UNIVERSITY, SCHOOL OF DENTAL SCIENCES (SDS) GR. NOIDA	0	0	0	0	0
23	SHARDA UNIVERSITY, SCHOOL OF NURSING (SON), GR. NOIDA	0	0	0	0	0
24	SHARDA UNIVERSITY. SCHOOL OF ENG. & TECH., PLOT NO-32-34 KP-3 GR.NOIDA	0	1	1	1	1
25	SHOBHIT UNIVERSITY MODIPURAM MEERUT	0	0	0	0	0
26	SHOBHIT UNIVERSITY SAHARANPUR	0	0	0	0	0
27	SHRI VENKATESHWARA UNIVERSITY GAJROLA	0	1	1	30	30
28	SRI RAMSWAROOP MEMO. UNIVERCITY DEWAROAD	1612	1	1	37	37
29	SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY MEERUT	0	0	0	0	0
30	TEERTHANKAR MAHAVEER UNIVERSITY, DEHLI ROAD MORADABAD	9582	0	0	72	72
	Total:-	53067	16	16	722	722

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।